पन्ना टाइगर रिजर्व की मादा हाथी केनकली ने एक नर बच्चे को जन्म दिया

पन्ना टाइगर रिजर्व की मादा हाथी के केनकली ने दिनांक 24-05-2022 को प्रातः एक नर बच्चे को जन्म दिया। हाथी का बच्चा जन्म के बाद से पीछे के पैरो में खड़ा नही हो पा रहा था। उक्त हाथी के बच्चे का प्रारंम्भिक स्तर पर पन्ना टाइगर रिजर्व की चिकित्सकीय टीम द्वारा निगरानी एवं उपचार उपरान्त स्कूल ऑफ वाइल्डलाईफ फॉरेंसिक एण्ड हेल्थ, जबलपुर को अवगत कराया गया। नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर से 05 सदस्यीय चिकित्सको की टीम को बुलाया गया। जिसमें माननीय कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी के मार्गदर्शन में डॉ. शोभा जावरे, डॉ. सोमेश सिंह को निरीक्षण एवं उपचार हेतु भेजा गया । यह आशंका है कि बच्चे के पिछले हिस्से में कोई अन्दरूनी चोट की वजह से वह खड़ा नही हो पा रहा है। पन्ना टाईगर रिजर्व चिकित्सक टीम द्वारा सतत निगरानी एवं उपचार किया गया। खड़ा न होने की वजह से बच्चा दूध नही पी रहा था। बच्चे को खड़ा करने हेतु कृत्रिम व्यवस्था बनाई एवं तत्पश्चात पशुचिकित्सक द्वारा किए गये उपचार एवं कार्यरत अमले द्वारा हाथी के बच्चे की देखभाल के उपरांत 24 घंटे के अन्दर अब हाथी का बच्चा दूध पीने लगा है। वर्तमान में हाथी के बच्चे के स्वास्थ्य में सुधार है एवं बच्चे को स्वयं खड़ा करने हेतु समस्त प्रयास जारी है। हथनी केनकली पूर्णतः स्वस्थ्य है। बच्चे का वजन लगभग 100 कि.ग्रा. है। हाथी के बच्चे की देख–रेख में हाथी महावतो की अहम भूमिका रही है।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर